## बक्षीबाग से भुजरिया चल समारोह निकला



इन्दौर। श्री केवटराम सामाजिक जनसेवा समिति द्वारा भुजरिया चल समारोह निकाला गया। समिति के प्रमुख शशिकांत गौड़ ने बताया कि, चल समारोह में भगवान श्रीराम और निषादराज केवट की झांकी आकर्षण का केन्द्र रही, नौका में भगवान राम-केवट की चलित झांकी के साथ ही बैण्ड-बाजे, ढ़ोल-ढमाके, डंडा पार्टी, अखाड़े और मातृशक्ति सजे-धजे स्वरूप में निकली। चल समारोह बक्षीबाग, अहिल्या पल्टन से होते हुए सुभाष मार्ग, इमली बाजार, राजबाड़ा, कृष्णपुरा छत्री से तिलकपथ, रामबाग, केवटेश्वर मंदिर होते हुए बक्षीबाग पहुंचेगा तथा कृष्णपुरा छत्री पर विसर्जन हुआ। बबलू गौड़ पूर्व पार्षद, दशरथ गौड़ पार्षद, प्रकाश गौड़, राधे गौड़, गणेश गौड़, दीपक गौड़, जीतू गौड़, राजेश गौड़ ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

## हिन्द रक्षक संगठन ने स्वच्छता बहनों के साथ मनाया रक्षाबंधन



इंदौर। रक्षाबंधन का पावन पर्व इस बार यादवनंद नगर, बाणगंगा में एक अनोखे और प्रेरणादायी अंदाज में मनाया गया। हिन्द रक्षक संगठन बाणगंगा द्वारा स्वच्छता बहनों के साथ समरसता पर्व* के रूप में रक्षाबंधन उत्सव बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता बहनों को सम्मान देते हुए उनसे रक्षा सूत्र बंधवाया गया। शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में उनके योगदान को नमन करते हुए यह पर्व मनाया गया।

संगठन के अशोक कौशल ने बताया कि संस्था द्वारा सैकड़ों स्वच्छता बहनों से रक्षा सूत्र बंधवाकर उन्हें उपहार भेंट किए गए। यह केवल राखी नहीं, बल्कि उनके सेवा-भाव और श्रम के प्रति सम्मान का प्रतीक था।

## चार पीढ़ियां एक छत के नीचे, राखी के धागे से जुड़ा परिवार



इंदौर। रक्षाबंधन के पर्व पर शहर के जायसवाल परिवार में परंपरा और पारिवारिक एकजुटता की अनूठी तस्वीर देखने को मिली। परिवार की चार पीढ़ियों के सदस्यों ने एक साथ राखी का पर्व मनाया।

परिवार पिछले करीब 50 वर्षों से इसी तरह सामूहिक रूप से रक्षाबंधन मनाता आ रहा है। इस बार भी 60 से अधिक परिवारजनों ने उत्साह के साथ पर्व में भाग लिया। परिवार के सरला जायसवाल और श्याम नारायण जायसवाल ने बताया कि सभी सदस्य एकजुट होकर राखी बंधवाते हैं। इसका उद्देश्य पारिवारिक एकता के साथ अपनी संस्कृति और परंपराओं को जीवंत रखना है, ताकि आने वाली युवा पीढ़ी भी इन परंपराओं को आगे बढ़ाए।

रक्षाबंधन के अवसर पर परिवार में राखी बांधने के साथ मनोरंजक खेलों और विभिन्न गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। राकेश जायसवाल, डॉ. श्रीमती अर्चना जायसवाल, रोहित, ऋचा, राजीव, अनुपमा, जयेश, रानू, केतन, निशा, सुषमा गुप्ता, सुधा जायसवाल बुआजी, दयेश, एकता जायसवाल बहू, केतन निशा सहित परिवार के सदस्य शामिल हुए। वहीं मौली, अरुंधती, डॉ. अदिति और हर्षदा,वेदांत,आर्या सहित चार पीढ़ियों ने मिलकर पर्व की खुशियां साझा कीं।

### कार्टून कोना...




# इंदौर में गूंजेगी 'छात्रों की गूंज', 12 सितंबर को राहुल गांधी करेंगे युवाओं से सीधा संवाद

## नेहरू स्टेडियम में तैयारी, महू से भी पहुंचेंगे युवा

महू ( इंदौर समाचार ) मध्य प्रदेश के सबसे प्रमुख एजुकेशन हब इंदौर में सियासी पारा चढ़ने लगा है। आगामी 12 सितंबर को कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के तहत हजारों विद्यार्थियों और युवाओं से सीधा संवाद करेंगे। इस बड़े शक्ति प्रदर्शन के लिए कांग्रेस ने इंदौर के ऐतिहासिक नेहरू स्टेडियम में आयोजन की अनुमति मांगी है।



देश के अन्य शहरों में सफल सम्मेलनों के बाद कांग्रेस की नजर अब मध्य प्रदेश के इस बड़े छात्र और युवा वोट बैंक पर है।

इंदौर में प्रदेश के हर कोने से लाखों छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं और उच्च शिक्षा के लिए आते हैं।

इसके साथ ही, यह प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का गृह क्षेत्र होने के कारण पार्टी के लिए साख का विषय भी बन चुका है।

### विशाल छात्र जुटान का लक्ष्य

इंदौर के अलावा महू और आसपास के क्षेत्र से भी भारी संख्या में युवाओं को लाने की योजना बनाई गई है।

### मुद्दों पर सीधी चर्चा

राहुल गांधी इस मंच से पेपर लीक, बेरोजगारी, रुकी हुई भर्तियां और शिक्षा व्यवस्था जैसी युवाओं की ज्वलंत समस्याओं पर बात करेंगे।

### संगठनात्मक जोर

जीतू पटवारी के नेतृत्व में स्थानीय और प्रदेश स्तर के नेता इस आयोजन को सफल बनाने के लिए पूरी ताकत झोंक रहे हैं।

## किशनगंज पुलिस की बड़ी कार्रवाई 13 वर्षों से फरार आरोपी गिरफ्तार



महू (इंदौर समाचार) इंदौर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक के निर्देशों के तहत लंबित अपराधों के निराकरण एवं फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान में थाना किशनगंज पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। किशनगंज थाना प्रभारी अमित कुमार एवं उनकी टीम ने वर्ष 2014 से फरार चल रहे आरोपी मनोज तँवर पिता केशव सिंह तँवर, उम्र 51 वर्ष, निवासी - गवली पलासिया, थाना बड़गोंदा, हाल निवासी - बोहरा कॉलोनी, राऊ को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के विरुद्ध थाना किशनगंज में अपराध क्रमांक 601/14 (धारा 420, 467, 468, 471, 120बी भादवि) दर्ज था। वह पिछले 13 वर्षों से लगातार पुलिस की गिरफ्त से दूर था। थाना प्रभारी की कार्ययोजना और सटीक सूचना के आधार पर पुलिस फोर्स ने दबिश देकर आरोपी को धर दबोचा।

**सराहनीय टीम**-इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरी. अमित कुमार, उनि प्रशांत उपाध्याय, उनि सखाराम जामौंद, उनि रविन्द्र सागर, प्र.आर. 1312 गजराज कटारे तथा आर. 1489 अतुल खरते का विशेष व उल्लेखनीय योगदान रहा।

# काका हाथरसी राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह 2 सितंबर को इन्दौर में

इंदौर। राष्ट्रीय कलमकार मंच के तत्वावधान में 21वां काका हाथरसी पुरस्कार समारोह एवं अखिल भारतीय कवि सम्मेलन 2 सितंबर को प्रीतमलाल दुआ सभागार में शाम 7 बजे से आयोजित होगा। इस वर्ष प्रतिष्ठित काका हाथरसी पुरस्कार प्रख्यात हास्य-व्यंग्य कवि अशोक भाटी को प्रदान किया जाएगा।



समारोह के पोस्टर का विमोचन वरिष्ठ समाजसेवी एवं संरक्षक सुभाष खंडेलवाल और रामबाबू अग्रवाल की अगुवाई में किया गया।

आयोजन की अध्यक्षता राष्ट्रीय कवि सत्यनारायण करेंगे, जबकि कवि सत्येन वर्मा 'सत्येन' समारोह का संचालन करेंगे। मुख्य अतिथियों में समाजसेवी सुभाष खंडेलवाल, कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल तथा ख्यात चिकित्सक डॉ. अर्पित चोपड़ा जैन शामिल होंगे। संयोजक कमलेश्वर सिंह सिसोदिया ने बताया कि विशेष अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री योगेंद्र महंत, पूर्व विधायक दिलीप राजपाल, कर सलाहकार एस.एन. गोयल और समाजसेवी अजय चोरडिया मौजूद रहेंगे।

अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में आगरा से डॉ. राजकुमार रंजन, धौलपुर से रजिया बेगम 'जिया', पचोर से मिथुन 'मिथिलेश' और इंदौर से डॉ. ममता सिंह काव्य पाठ करेंगी।

मंच के संयोजक कमलेश्वर सिंह सिसोदिया ने बताया कि समारोह के माध्यम से देशभर में हास्य-व्यंग्य और साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले रचनाकारों को सम्मानित किया जाता रहा है।

डॉ. पंकज विरमाल ने बताया कि पिछले दो दशकों में देश के कई ख्यातनाम हास्य कवियों को काका हाथरसी पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।

## भावों का खेल है आत्मा के उज्ज्वल होने का मार्ग



इंदौर। नेमी नगर जैन कॉलोनी में आचार्य श्री सुनील सागरजी महाराज ने कहा कि जैन दर्शन में भावों का विशेष महत्व बताया गया है। जब तक मन में विकार, राग-द्वेष और कषाय के भाव बने रहते हैं, तब तक कर्मों का आश्रव होता रहता है और संसार का बंधन बना रहता है।

इसलिए यदि मनुष्य अपने भावों को निर्मल कर ले, तो आत्मा को शुद्धि और मुक्ति की दिशा में आगे बढ़ने का मार्ग मिलता है। यह जानकारी देते हुए नेमिनगर जैन कलोनी चतुर्मास समिति संयोजक इंद्रकुमार सेठी, सहसंयोजक संदीप गंगवाल व समाज अध्यक्ष कैलाश लुहाड़िया ने बताया कि आचार्य श्री ने कहा कि अकम्पनाचार्य मुनिराज की रक्षा का पवित्र भाव बनाकर विष्णु कुमार मुनिराज ने भावों की शक्ति का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया।

## आर्य समाज संचार नगर के तत्वावधान में 51वां हिंदू सर्वजातीय परिचय सम्मेलन

इंदौर। आर्य समाज संचार नगर, कनाड़िया रोड, इंदौर के तत्वावधान में 51वां हिंदू सर्वजातीय परिचय सम्मेलन रविवार, 20 सितंबर 2026 को संतोष सभागृह, चरक हॉस्पिटल, रानी सती गेट, इंदौर में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में अविवाहित, विधवा, विधुर, तलाकशुदा, अधिक आयु एवं प्रौढ़ प्रत्याशी भाग ले सकेंगे। इच्छुक प्रत्याशी सर्वजातीय परिणय स्मारिका में अपना बायोडाटा एवं फोटो प्रकाशित कराने के लिए आर्य समाज संचार नगर, कनाड़िया रोड, इंदौर में संपर्क कर सकते हैं। पंजीयन की अंतिम तिथि 10 सितंबर 2026 निर्धारित की गई है।

सम्मेलन में युवतियों का पंजीयन पूर्णतः निःशुल्क रखा गया है। मंच से अपना परिचय देने वाली युवतियों को सर्वजातीय परिणय स्मारिका निःशुल्क प्रदान की जाएगी।

उक्त जानकारी श्रीमती गायत्री सोलंकी ने दी। आर्य समाज संचार नगर के प्रधान एवं सम्मेलन के मुख्य संयोजक डॉ. आचार्य भानु प्रताप वेदालंकार ने बताया कि वर्ष 2004 से हिंदू सर्वजातीय परिचय सम्मेलन का निरंतर आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन में न जाति का बंधन है, न आयु का और न ही शिक्षा का बंधन है। इसका उद्देश्य सभी वर्गों के विवाह योग्य युवक-युवतियों एवं अन्य प्रत्याशियों को उपयुक्त जीवनसाथी चुनने के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करना है।

# अखंड रामायण पाठ की पूर्णाहुति

इंदौर। गांधी नगर स्थित श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर में आयोजित जनकल्याण अखंड रामायण पाठ की मंगलवार को विधि-विधान के साथ पूर्णाहुति हुई। विश्व कल्याण, शांति, पर्याप्त वर्षा, पर्यावरण संरक्षण तथा देश की एकता-अखंडता की कामना से आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

पूर्णाहुति अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन संपन्न हुआ। इसके बाद भगवान श्रीराम और हनुमानजी की महाआरती की गई। महामंडलेश्वर रामचरण दास महाराज, महामंडलेश्वर डॉ. चैतन्य स्वरूप




महाराज सहित जनप्रतिनिधि और विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

आयोजक एवं पूर्व राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त एवं विश्व ब्राह्मण समाज संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. योगेंद्र महंत ने बताया कि अखंड रामायण पाठ का उद्देश्य जनकल्याण के साथ विश्व शांति, अच्छी वर्षा और पर्यावरण संरक्षण की प्रार्थना करना था।

आयोजन में एमआईसी सदस्य अश्विनी शुक्ल, निरंजन सिंह चौहान, अशोक गोधा , मंडल अध्यक्ष सावन वर्मा, उषा वैष्णव, आनंद महंत, धीरज वैष्णव शामिल हुए। आभार अनंत महंत ने माना।

# दिव्यांग बच्चों के माता-पिता और सास-ससुर की सेवा करने वाले पालकों का सम्मान

इंदौर। पंचकुइया स्थित युगपुरुष धाम समिति द्वारा आयोजित एक समारोह में दिव्यांग बच्चों के ऐसे अभिभावकों का सम्मान किया गया, जो पिछले कई वर्षों से अपने दिव्यांग बच्चों के साथ ही माता-पिता और सास-ससुर की सेवा भी पूरे समर्पण भाव से कर रहे हैं। इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य यही था कि कोई भी वृद्ध परिजन सेवा और देखभाल के अभाव में किसी वृद्धाश्रम तक नहीं पहुँच सके।

इस अवसर पर अतिथि के रूप में श्रीमती ज्योति-प्रतीक श्रीवास्तव, श्रीमती रूपकुमारी-मनोहरलाल अजमेरा, श्रीमती ललिता-अशोक मालू एवं श्रीमती सुषमा-प्रकाशचंद्र त्रिवेदी उपस्थित थे जिन्होंने श्रीमती सोनम शादीजा के सेवा कार्यों को



देखकर ऐसे करीब 31 परिजनों को सम्मानित किया, जो पिछले कई वर्षों से युगपुरुष स्वामी परमानन्द महाराज की प्रेरणा से अपने दिव्यांग बच्चों के साथ ही घर के अन्य बुजुर्गों सहित परिवार के सभी सदस्यों की सेवा में पूरे समर्पण भाव से जुटे हुए हैं।

प्रारम्भ में युगपुरुष धाम समिति के प्रमुख तुलसी शादीजा, अध्यक्ष श्रीमती जाह्नवी-पवन ठाकुर, प्राचार्य डॉ. अनिता शर्मा, डॉ. अनुजा त्रिपाठी एवं अंकुर रिहेब सेंटर के डॉ. अंकुर अग्रवाल ने इन सभी अतिथियों एवं सम्मानित होने वाले अभिभावकों का स्वागत किया। इस अवसर पर दिव्यांग बच्चों, चिराग, सोनू, चंचल, आदित्य, अमन, दिव्या यादव, ऋषभ जैन, आदित्य जैन, शशांक जैन, बिंदु दावानी, विशेष शुक्ला, प्रियंका, सुनील, वेदांत, अभिजीत, पलक, विश्वास तिवारी, अर्पित एवं पीयूष शर्मा के माता-पिता को भी आमंत्रित कर उनका सम्मान किया गया।

कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य डॉ. अनिता शर्मा ने किया और आभार माना अध्यक्ष जाह्नवी-पवन ठाकुर ने।

## गुरु विरजानन्द वैदिक गुरुकुल में मनाया गया संस्कृत दिवस



इन्दौर। गुरु विरजानन्द वैदिक गुरुकुल, इन्दौर (मध्यप्रदेश) में संस्कृत दिवस श्रद्धा एवं उत्साहपूर्वक मनाया गया। डॉ. आचार्य भानु प्रताप वेदालंकार के सान्निध्य एवं आचार्य प्रणवीर शास्त्री के ब्रह्मत्व में गुरुकुल के ब्रह्मचारियों ने वैदिक यज्ञ किया तथा नवीन यज्ञोपवीत धारण किए। यज्ञ के मुख्य यजमान श्री दिनेश श्रीवास्तव एवं श्रीमती प्रीति श्रीवास्तव थे। संस्कृत दिवस के अवसर पर श्री हरीश शास्त्री (मुम्बई) ने अपने उद्बोधन में कहा, ÷संस्कृत केवल एक भाषा नहीं, अपितु हमारी जीवनशैली है। इस अवसर पर अनन्या एवं लावण्या ने सभी को राखी बाँधकर रक्षाबन्धन पर्व भी मनाया। कार्यक्रम में अशोक शास्त्री, राकेश शास्त्री, सावित्री चौहान, शान्ति मनीषा विद्यालंकार, गायत्री सोलंकी सहित अनेक गणमान्य नागरिक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।